प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु और केरलम् की जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कल शाम दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में चुनाव परिणामों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीस से अधिक राज्यों में भाजपा—एनडीए सरकारें सत्ता में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मंत्र है नागरिक ही भगवान है और पार्टी जनता की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता स्पष्ट रूप से देख रही है कि जहां भाजपा है, वहां सुशासन और विकास है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम लोकतंत्र की जीत है।

विधानसभा अध्यक्ष

हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में आयोजित होगी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान राज्य विधान मंडलों की समितियों की कार्यप्रणाली के सशक्तिकरण के लिए गहन विचार—विमर्श व मंथन किया जाएगा। बाद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य राज्य विधान मंडलों में इसकी कार्यप्रणाली को सशक्त बनाना है।

नामांकन जांच

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कल जांच के दौरान 16 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। निकायों में 449 पार्षद पदों के लिए 1 हजार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। हालांकि कुल्लू और सिरमौर जिलों में नामांकन की छंटनी का काम पूरा नहीं हो पाया है। इन दोनों जिलों में आज स्थिति साफ हो पाएगी। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा।

चुनाव तैयारियां

प्रदेश में 3 चरणों में होने वाले पंचायती राज चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार लगातार लोगों से संपर्क बना रहे हैं और अपने पक्ष में वोट की अपील भी कर रहे हैं। इस बीच, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

मंडी चुनाव तैयारी

मंडी जिले में भी पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि 577 ग्राम पंचायतों, 14 पंचायत समितियों व 36 जिला परिषद सीटों के लिए मतदान तीन चरणों में 26, 28 व 30 मई को होगा। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में करीब 7 लाख 91 हजार 629 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता—

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले में कुल 3135 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 451 संवेदनशील और 119 अति संवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 7, 8 और 11 मई को होगी, जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच और 14 व 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ने भरोसा दिलाया है कि चुनाव पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाएंगे।

किसान समस्या

लाहौल—स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल के तहत सालग्रां गांव में सिंचाई व्यवस्था ठप होने से स्थानीय लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि गांव की करीब 800 मीटर लंबी कुहल पिछले वर्ष प्राकृतिक कारणों से क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन अभी तक इसकी मुरम्मत नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान गोभी व मटर की बुआई कार्य में लगे हैं और इन फसलों के लिए शुरूआती चरण में नियमित सिंचाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था की समस्या के चलते उनकी फसलें बर्बाद हो सकती हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका भी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आपातकालीन सिंचाई व्यवस्था की मांग की है।

कुलपति

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा है कि देवऋषि नारद के आदर्शों पर आधारित लोक कल्याणकारी पत्रकारिता ही समय की मांग है। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, जनसंचार व नव मीडिया स्कूल और विश्व संवाद केंद्र शिमला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित देवऋषि नारद जयंती के व्याख्यान कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही। इस बीच, आज शिमला में भी विश्व संवाद केंद्र के तत्वाधान में देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम आयोजित होगा।